



प्रधानमंत्री ग़रीब कल्याण कल्याण अन्न योजना अंतर्गत नि:शुल्क खाद्यान्न वितरण समारोह का हुआ आयोजन

# ग़रीब को बेहतर जीवन और सुलभता से अन्न मिले यही लक्ष्य: प्रभारी मंत्री भदौरिया

रतलाम ■ राज न्यूज नेटवर्क

हर ग़रीब को बेहतर जीवन सुविधाएं प्राप्त हों, अच्छा भोजन मिले, सुलभता से अन्न मिले और उनका पूर्ण विकास हो यही लक्ष्य देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का है। मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराजसिंह चौहान इस लक्ष्य को लेकर प्रत्येक ग़रीब को अन्न उपलब्ध करवा रहे हैं। प्रदेश के सभी पात्र हितग्राही इस योजना का लाभ लेकर खुशहाल हैं। उक्त विचार जिला प्रभारी मंत्री ओ.पी.एस.भदौरिया ने प्रधानमंत्री ग़रीब क़ल्याण योजना अंतर्गत आयोजित नि:शुल्क खाद्यान्न वितरण समारोह में व्यक्त किए। बरबड़ स्थित विधायक सभागृह पर आयोजित जिला स्तरीय कार्यक्रम सहित जनप्रतिनिधिगण, क्राइसिस मैनेजमेंट ग्रुप के सदस्य, निगरानी समिति सदस्य एवं हितग्राही मौजूद थे। प्रभारी मंत्री श्री भदोरिया ने इस अवसर पर कहा कि पूरे प्रदेश में इस आयोजन के माध्यम से साढ़े 25 हजार से अधिक दुकानों पर ग़रीबों को खाद्यान्न वितरित किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि रतलाम जिले में भी 521 उचित मूल्य दुकानों पर यह कार्यक्रम आयोजित हो रहा है। ज़िले के 2 लाख 28 हजार 338 परिवारों के 9 लाख 51 हजार 824 सदस्य इस योजना का लाभ ले रहे हैं।

शहर विधायक चैतन्य काश्यप ने इस अवसर पर कहा कि प्रधानमंत्री ग़रीब कल्याण योजना के माध्यम से खाद्यान्न वितरण कर ग़रीबों को कठिन परिस्थितियों में

## हितग्राहियों को नि: शुल्क राशन वितरण किया

रतलाम। देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी व मध्यप्रदेश के ऊर्जावान मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान द्वारा प्रधानमंत्री गरीब अन्न योजना शुभारम्भ किया गया। जिसके अंतर्गत मध्यप्रदेश के 5 करोड 44 लाख गरीब हितग्राहियों को नि:शुल्क राशन वितरण किया जाएगा।

इस योजना अंतर्गत आज कुशाभाऊ ठाकरे मंडल में शहर विधायक चैतन्य काश्यप, अध्यक्ष आदित्य डागा के नेतृत्व में राशन दुकानों का शुभारंभ किया गया जिसने दो बती मार्केट राशन की दुकान का शुभारंभ पूर्व महापौर



स्थित राशन की दुकान का बलवंत भाटी, दिनेश पटेल ने शुभारंभ किया। कॉलेज रोड स्थित राशन की

यादव व तृतीय आदित्य डागा व श्रीमती अनिता कटारिया द्वारा किया गया। रतलाम (म.प्र) पर अन्न

उद्बोधन के पश्चात कार्यक्रम में उपस्थित हितग्राहियों का स्वागत कर अनाज वितरण किया गया। भाजपा के अविनाश राव, योगेश कैथवास, रवि जौहरी, सलीम भाई, भूपेंद्र कावडिया, विपिन पोरवाल, स्नेहलता धाकड, संजय जैन, यशपाल, पूर्व पार्षद सलीम मेव, मुबारिक शेरानी, मंसूर जमादार, प्रभु राठौड,अश्विन जायसवाल, मीरा परमार, कन्हैया मालवीय, शाहिद कुरैशी, ओमप्रकाश बोरीवाल, हार्दिक मेहता, अभय लोढा, दिनेश गुर्जर आदि अपने अपने क्षेत्र में दुकान संचालक के साथ शासन ,नगर निगम के अधिकारी, कर्मचारी

**संडे मूड पर करें कंट्रोल** • पिकनिक स्पॉट पर पुलिस का पहरा इसलिए ना जाएं, शहर में 34 घंटे में 1.77 इंच बारिश

# सिर्फ 13 दिन में कुल औसत की 27.33% बारिश

## पांच साल बाद सावन का एक भी दिन सूखा नहीं गया

भास्कर संवाददाता | रतलाम

सावन के सेरों ने इस साल सभी को खुश कर दिया है। पांच साल बाद ऐसा हुआ है, जब सावन का एक भी दिन सूखा नहीं गुजरा है। 13 दिन में ही सालभर के कुल कोटे की 27.33% बारिश हो गई है। आज संडे है और पिकनिक मूड पर कंट्रोल करना होगा क्योंकि सब जगह पुलिस तैनात है। शनिवार सुबह से बारिश की शुरुआत हो गई थी जो रात तक जारी रही। शहर में 34 घंटे में ही 1.77 इंच बारिश हो चुकी है। सावन के पहले दिन से ही बारिश का दौर जारी है। किसी दिन तेज बारिश तो कभी बूंदाबांदी हो रही है। 25 जुलाई से सावन महीने की शुरुआत हुई थी, सावन के अब तक 13 दिन में ही सालभर के कुल कोटे की 27.37% बारिश हो चुकी है। इधर अब तक जिले में कुल 22.20 इंच बारिश हो गई है।

## धोलावड़ डेम... जलस्तर 389.70 मीटर, 395 मीटर पर हो जाएगा फुल



इधर, शहर के जलप्रदाय का मुख्य स्त्रोत धोलावड़ डेम धीरे-धीरे बढ़ रहा है। अब जलस्तर 389.70 मीटर है। डेम को फुल होने के लिए 5.3 मीटर पानी की जरूरत है। 395 मीटर पर डेम के गेट खुल जाते हैं।

### 24 घंटे में कहां कितना पानी (आंकड़े मिमी में हैं।)

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| आलोट | 18.0 | पिपलौदा | 14.0 | रावटी | 22.4 |
| जावरा | 17.0 | बाजना | 49.0 | सैलाना | 12.0 |
| ताल | 9.0 | रतलाम | 32.0 | जिला | 21.7 |

## सावन के महीने में ऐसा रहता है मौसम का मिजाज... 2017 में 6 दिन की झड़ी लगी थी

- **2021** : सावन की शुरुआत 25 जुलाई से हुई। पहले ही दिन आगाज ऐसा था कि 24 घंटे में 5.27 इंच बादल बरस गए। धोलावड़ का जलस्तर 2 मीटर बढ़ गया।
- **2020** में सावन का महीना 2 अगस्त को खत्म हुआ था। पूरे महीने एक भी झड़ी नहीं लग सकी थी। जुलाई के आखिरी 11 दिन बारिश नहीं हुई थी।
- **2019** में 17 जुलाई से सावन की शुरुआत हुई थी, पहला सोमवार 22 जुलाई को था। 29 जुलाई को 24 दिन बाद कभी तेज तो कभी फुहारें होती रहीं। अगस्त मध्य में सावन समाप्त होने के साथ 38 इंच वर्षा हो गई थी।
- **2018** में 28 जुलाई से सावन की शुरुआत हुई थी। 30 जुलाई को पहला सोमवार था। बारिश नहीं हुई थी। दो सोमवार गुजरने के बाद 8 अगस्त से बारिश हुई।
- **2017** में 26 जुलाई से 6 दिन तक झड़ी लगी। इस दौरान 7.48 इंच पानी गिरा था। सावन की शुरुआत 10 जुलाई से हुई थी। सावन के पहले सोमवार को तेज पानी नहीं बरसा था।






डेंगू : बढ़ने लगे मरीज

## 8 घरों में लार्वा, पीएंडटी कॉलोनी में दो को बुखार...

भास्कर संवाददाता | रतलाम

जिले में डेंगू के मामले लगातार सामने आ रहे हैं। शनिवार को भी दो लोगों में डेंगू की पुष्टि हुई है। इन दोनों को बुखार था, घर पर टीम पहुंची तब जांच में डेंगू होना मिला। इधर, खाचरौद और बदनावर के भी एक-एक मरीज सामने आए हैं।

डेंगू को लेकर शहर में खतरा लगातार बना हुआ है। इसे लेकर अलग-अलग इलाकों में सर्वे हो रहा है। शनिवार को 13 वार्डों में स्वास्थ्य विभाग और महिला एवं बाल विकास विभाग की टीम पहुंची। पीएंडटी कॉलोनी में डेंगू के दो मरीज सामने आए हैं। इधर, अब तक पीएंडटी कॉलोनी और आसपास के इलाकों में ही सबसे ज्यादा मरीज मिले हैं। ऐसे में यहां एंटी लार्वा एक्टिविटी लगातार जारी है।

**बुखार, सिरदर्द, तेज शरीर दर्द हो तो डॉक्टर से मिले** :

दै. भास्कर 8/8/21



प्रधानमंत्री ग़रीब कल्याण कल्याण अन्न योजना अंतर्गत नि:शुल्क खाद्यान्न वितरण समारोह का हुआ आयोजन

# ग़रीब को बेहतर जीवन और सुलभता से अन्न मिले यही लक्ष्य: प्रभारी मंत्री भदौरिया

रतलाम ■ राज न्यूज नेटवर्क

हर ग़रीब को बेहतर जीवन सुविधाएं प्राप्त हों, अच्छा भोजन मिले, सुलभता से अन्न मिले और उनका पूर्ण विकास हो यही लक्ष्य देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का है। मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराजसिंह चौहान इस लक्ष्य को लेकर प्रत्येक ग़रीब को अन्न उपलब्ध करवा रहे हैं। प्रदेश के सभी पात्र हितग्राही इस योजना का लाभ लेकर खुशहाल हैं। उक्त विचार जिला प्रभारी मंत्री ओ.पी.एस.भदौरिया ने प्रधानमंत्री ग़रीब क़ल्याण योजना अंतर्गत आयोजित निःशुल्क खाद्यान्न वितरण समारोह में व्यक्त किए। बरबड़ स्थित विधायक सभागृह पर आयोजित जिला स्तरीय कार्यक्रम में रतलाम शहर विधायक चैतन्य काश्यप, राजेंद्रसिंह लुनेरा, कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम, जिला पुलिस अधीक्षक गौरव तिवारी, अपर कलेक्टर श्रीमती जमुना भिड़े सहित जनप्रतिनिधिगण, क्राइसिस मैनेजमेंट ग्रुप के सदस्य, निगरानी समिति सदस्य एवं हितग्राही मौजूद थे। प्रभारी मंत्री श्री भदोरिया ने इस अवसर पर कहा कि पूरे प्रदेश में इस आयोजन के माध्यम से साढ़े 25 हजार से अधिक दुकानों पर ग़रीबों को खाद्यान्न वितरित किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि रतलाम जिले में भी 521 उचित मूल्य दुकानों पर यह कार्यक्रम आयोजित हो रहा है। जिले के 2 लाख 28 हजार 338 परिवारों के 9 लाख 51 हजार 824 सदस्य इस योजना का लाभ ले रहे हैं।

शहर विधायक चैतन्य काश्यप ने इस अवसर पर कहा कि प्रधानमंत्री ग़रीब कल्याण योजना के माध्यम से खाद्यान्न वितरण कर ग़रीबों को कठिन परिस्थितियों में संबल प्रदान किया ज़ा रहा है। उन्होंने कहा कि कोरोना काल के दौरान भी निःशुल्क खाद्यान्न वितरण से कई परिवारों को काफी सहायता प्राप्त हुई थी।

## हितग्राहियों को नि: शुल्क राशन वितरण किया

रतलाम। देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी व मध्यप्रदेश के ऊर्जावान मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान द्वारा प्रधानमंत्री गरीब अन्न योजना शुभारम्भ किया गया। जिसके अंतर्गत मध्यप्रदेश के 5 करोड 44 लाख गरीब हितग्राहियों को निःशुल्क राशन वितरण किया जाएगा।



इस योजना अंतर्गत आज कुशाभाऊ ठाकरे मंडल में शहर विधायक चैतन्य काश्यप, अध्यक्ष आदित्य डागा के नेतृत्व में राशन दुकानों का शुभारंभ किया गया जिसने दो बती मार्केट राशन की दुकान का शुभारंभ पूर्व महापौर शैलेन्द्र डागा, नितिन लोढा द्वारा किया गया व आनद कॉलोनी स्थित राशन की दुकान का मनोहर पोरवाल, इब्राहीम शेरानी द्वारा शुभारंभ किया गया वही जावरा रोड स्थित राशन की दुकान का बलवंत भाटी, दिनेश पटेल ने शुभारंभ किया। कॉलेज रोड स्थित राशन की दुकान का निमिष व्यास, देवेंद्र जी वाधवा ने अन्न योजना अंतर्गत शुभारंभ किया। शहर सराय में तीन राशन की दुकानों का शुभारंभ प्रथम दिनेश शर्मा द्वितीय सोनू यादव व तृतीय आदित्य डागा व श्रीमती अनिता कटारिया द्वारा किया गया। रतलाम (म.प्र) पर अन्न उत्सव बनाया गया। जिसमें मुख्य अतिथि गण उपस्थित थे अतिथियों का स्वागत सत्कार किया गया। मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान जी का वाचन पढकर सुनाया गया। उद्बोधन के पश्चात कार्यक्रम में उपस्थित हितग्राहियों का स्वागत कर अनाज वितरण किया गया। भाजपा के अविनाश राव, योगेश कैथवास, रवि जौहरी, सलीम भाई, भूपेंद्र कावडिया, विपिन पोरवाल, स्नेहलता धाकड, संजय जैन, यशपाल, पूर्व पार्षद सलीम मेव, मुबारिक शेरानी, मंसूर जमादार, प्रभु राठौड,अश्विन जायसवाल, मीरा परमार, कन्हैया मालवीय, शाहिद कुरैशी, ओमप्रकाश बोरीवाल, हार्दिक मेहता, अभय लोढा, दिनेश गुर्जर आदि अपने अपने क्षेत्र में दुकान संचालक के साथ शासन ,नगर निगम के अधिकारी, कर्मचारी एवम योजना के हितग्राही जिनको लाभ मिला के साथ कार्यक्रम संपन्न किया गया। अंत में आभार कुशाभाऊ ठाकरे मंडल महामंत्री राकेश परमार ने माना।

राज एक्सप्रेस 8/8/21

# उत्सवी माहौल में जिले की 521 दुकानों से बांटे अनाज के बैग

## अन्न उत्सव ● जिला मुख्यालय पर बरबड़ स्थित विधायक सभागार में प्रभारी मंत्री की उपस्थिति में हुआ मुख्य आयोजन

**रतलाम (नईदुनिया प्रतिनिधि)।** गरीब वर्ग को खाद्यान्न सुरक्षा देने के लिए के लिए प्रधानमंत्री गरीब कल्याण योजना में शनिवार को जिले की सभी 521 शासकीय उचित मूल्य दुकानों पर अन्न उत्सव मनाया गया। इस दौरान हितग्राहियों को बैग में अनाज वितरण किया गया। शहर के बरबड़ रोड स्थित विधायक सभागार में जिला स्तरीय कार्यक्रम प्रभारी मंत्री ओपीएस भदौरिया की मौजूदगी में हुआ। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मंत्री भदौरिया ने कहा कि हर गरीब को बेहतर जीवन सुविधाएं प्राप्त हो, अच्छा भोजन व सुलभता से अन्न मिले, यही लक्ष्य प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का है। मुख्यमंत्री शिवराजसिंह चौहान इस लक्ष्य को लेकर प्रत्येक गरीब को अन्न उपलब्ध करवा रहे हैं। जिला स्तरीय कार्यक्रम में रतलाम शहर विधायक चेतन्य काश्यप, राजेंद्रसिंह लुनेरा, कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम, पुलिस अधीक्षक गौरव तिवारी, अपर कलेक्टर जमुना भिड़े सहित जनप्रतिनिधिगण, क्राइसिस मैनेजमेंट ग्रुप के सदस्य, निगरानी समिति सदस्य एवं हितग्राही



बरबड़ स्थित विधायक सभागार में हितग्राही को खाद्यान्न प्रदान करते हुए प्रभारी मंत्री ओपीएस भदौरिया, विधायक चेतन्य काश्यप आदि। ●नईदुनिया

मौजूद थे। जिले में दो लाख 28 हजार 338 परिवारों के नौ लाख 51 हजार 824 सदस्य इस योजना का लाभ ले रहे हैं। शहर विधायक चेतन्य काश्यप ने कहा कि कोरोना काल के दौरान भी निशुल्क खाद्यान्न वितरण से कई परिवारों को काफी सहायता प्राप्त हुई थी।

**टीवी लगाकर देखा सीधा प्रसारण**

जिले की सभी शासकीय उचित मूल्य दुकानों पर राज्य स्तर से आयोजित कार्यक्रम का सीधा प्रसारण किया गया। अतिथियों ने आकर्षक बैग में हितग्राहियों को खाद्यान्न वितरित किया गया। मंच से नयागांव रतलाम क्षेत्र की हितग्राही वर्षा पांचाल, निर्मला, सुरेश यादव, लक्ष्मण कचरूलाल, सुरेश मोतीलाल एवं अन्य हितग्राहियों को खाद्यान्न वितरित किया गया। प्रारंभ में अतिथियों ने दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम की शुरुआत की। संचालन आशीष दशोत्तर ने किया। आभार जिला आपूर्ति अधिकारी एसएच चौधरी ने माना।

**आयुष्मान कार्ड भी बनाए**

समारोह स्थल पर आयुष्मान कार्ड बनाने के लिए कैंप भी आयोजित किया गया था। उपस्थित लोगों ने इसका भी लाभ लिया। शहर में उचित मूल्य दुकानों पर आयुष्मान कार्ड बनाने के विशेष कैंप निरंतर लगाए जा रहे हैं और यहां नागरिकों के आयुष्मान कार्ड बनाए जा रहे हैं।



ताल में आयोजित अन्न उत्सव मे लाइव प्रसारण देखते-सुनते हुए हितग्राही व उपस्थितजन। ●नईदुनिया

### 99 दुकानों पर वितरित की खाद्य सामग्री

**आलोट।** केंद्र एवं राज्य सरकार की योजना के अनुसार आलोट अनुभाग में 99 सार्वजनिक वितरण दुकानों पर हितग्राहियों को प्रधानमंत्री की ओर से निशुल्क खाद्यान्न का वितरण किया गया। हितग्राहियों का कहना है कि जुलाई माह में भी प्रधानमंत्री की ओर से निशुल्क खाद्य सामग्री दी गई थी। इस बार कार्यक्रम आयोजित कर प्रधानमंत्री व मुख्यमंत्री के फोटोयुक्त थैली के साथ सामग्री दी गई।

### लसूड़िया खेड़ी में 120 हितग्राही लाभान्वित

**ताल।** सेवा सहकारी संस्था में भाजपा नेता अमित काला, पूर्व सोसाइटी अध्यक्ष मनीष राठौड़, भाजपा मंडल अध्यक्ष विशाल काला, पूर्व सोसाइटी अध्यक्ष दशरथ राठौड़, शीतलसिंह, पूना शंकर शर्मा, महिला मोर्चा जिला महामंत्री चंदा शर्मा मौजूद थे। अतिथियों का स्वागत सोसाइटी के प्रबंधक प्रहलादसिंह चंद्रावत, रघुवीरसिंह सिसौदिया, मनोज शर्मा, ऋषिदास, कमलेश राठौड़, दिनेश सूर्यवंशी, राजेंद्रसिंह, रणवीरसिंह व शाखा के कर्मचारियों द्वारा किया गया। संचालन शुभम राठौर ने किया। आभार कैलाश राठौड़ ने माना। मकनपुरा समिति, आक्या समिति तथा ताल में जय अंबे प्राथमिक सेवा संस्था पर वीरेंद्रसिंह सिसौदिया ने अन्न उत्सव का आयोजन किया। समीपस्थ ग्राम लसूड़िया खेड़ी में पीसीओ रामलाल मालवीय, राधेश्याम पाटीदार के आतिथ्य में अन्न उत्सव मनाया गया। नोडल अधिकारी जगदीश माली ने बताया कि हितग्राहियों को निशुल्क खाद्यान्न का वितरण किया गया। ग्राम प्रधान मांगूसिंह देवड़ा, सचिव श्रीकांत शर्मा, सहायक सचिव अमरूलाल मालवीय, सेल्समैन ईश्वरलाल पाटीदार व ग्रामीणजनों की उपस्थिति में 120 से अधिक हितग्राहियों को खाद्यान्न का वितरण किया गया। संचालन सचिव श्रीकांत शर्मा ने किया।

नईदुनिया 8/8/21

**अन्न उत्सव** • विधायक सभागृह में हुआ प्रधानमंत्री गरीब कल्याण कल्याण अन्न योजना का निःशुल्क वितरण

# 40 हजार परिवारों को राशन पहुंचाने में हमारा जिला प्रदेश में चौथे क्रम पर आया

**जिले के 228338 ...रों को लाभ मिलेगा**

...स्कर संवाददाता | रतलाम

...न ही बिना गड़बड़ी सीधे ... परिवारों तक राशन पहुंचाकर जिले ने एक और बड़ी उपलब्धि हासिल की। ऐसा करके हमारा जिला प्रदेश के 52 जिलों में चौथे स्थान पर रहा। पहले पर बालाघाट, दूसरे पर भिंड और तीसरे नंबर पर जबलपुर रहा। खाद्यान्न का निःशुल्क वितरण प्रधानमंत्री ...ीब कल्याण कल्याण ...योजना में किया गया। इसका लाभ जिले के 228338 परिवारों का मिलना है। बाकी के 188338 परिवारों को 10 सितंबर तक राशन पहुंच जाएगा।

अन्न उत्सव जिले की 521 उचित मूल्य दुकानों पर मनाया गया। जिला स्तरीय कार्यक्रम सैलाना रोड स्थित बरबड़ विधायक सभागृह में हुआ। मुख्य अतिथि जिला प्रभारी मंत्री ओपीएस भदौरिया, विशेष अतिथि शहर विधायक चेतन्य काश्यप रहे। प्रभारी मंत्री ने मुख्यमंत्री का संदेश भी सुनाया। वहीं राज्य स्तरीय कार्यक्रम का सीधा प्रसारण भी किया गया। कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कुछ जिलों के हितग्राहियों से बात भी की। राजेंद्रसिंह लुनेरा, कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम सहित अन्य अधिकारी और जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे। संचालन आशीष दशोत्तर ने किया। आभार जिला आपूर्ति अधिकारी एसएच चौधरी ने किया।



विधायक सभागृह में परिवारों का राशन वितरित करते प्रभारी मंत्री भदौरिया व विधायक चेतन्य काश्यप।

दै. भास्कर 8/8/21

ूड पर करें कंट्रोल • पिकनिक स्पॉट पर पुलिस का पहरा इसलिए ना जाएं, शहर में 34 घंटे में 1.77 इंच बारिश

# र्फ 13 दिन में कुल औसत की 27.33% बारिश

### बाद सावन का एक ूखा नहीं गया

ार संवाददाता | रतलाम

ों ने इस साल सभी को खुश पांच साल बाद ऐसा हुआ है, ा एक भी दिन सूखा नहीं गुजरा ें ही सालभर के कुल कोटे की ारिश हो गई है। आज संडे है क मूड पर कंट्रोल करना होगा जगह पुलिस तैनात है। शनिवार श की शुरुआत हो गई थी जो ी रही। शहर में 34 घंटे में ही ारिश हो चुकी है। सावन के ही बारिश का दौर जारी है। ेज बारिश तो कभी बूंदाबांदी 5 जुलाई से सावन महीने की थी, सावन के अब तक 13 दिन र के कुल कोटे की 27.37% की है। इधर अब तक जिले में इंच बारिश हो गई है।

### धोलावड़ डेम... जलस्तर 389.70 मीटर, 395 मीटर पर हो जाएगा फुल



इधर, शहर के जलप्रदाय का मुख्य स्त्रोत धोलावड़ डेम धीरे-धीरे बढ़ रहा है। अब जलस्तर 389.70 मीटर है। डेम को फुल होने के लिए 5.3 मीटर पानी की जरूरत है। 395 मीटर पर डेम के गेट खुल जाते हैं।

**24 घंटे में कहां कितना पानी** (आंकड़े मिमी में हैं।)

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| आलोट | 18.0 | पिपलौदा | 14.0 | रावटी | 22.4 |
| जावरा | 17.0 | बाजना | 49.0 | सैलाना | 12.0 |
| ताल | 9.0 | रतलाम | 32.0 | जिला | 21.7 |

### सावन के महीने में ऐसा रहता है मौसम का मिजाज... 2017 में 6 दिन की झड़ी लगी थी

- **2021** : सावन की शुरुआत 25 जुलाई से हुईं। पहले ही दिन आगाज ऐसा था कि 24 घंटे में 5.27 इंच बादल बरस गए। धोलावड़ का जलस्तर 2 मीटर बढ़ गया।
- **2020** में सावन का महीना 2 अगस्त को खत्म हुआ था। पूरे महीने एक भी झड़ी नहीं लग सकी थी। जुलाई के आखिरी 11 दिन बारिश नहीं हुई थी।
- **2019** में 17 जुलाई से सावन की शुरुआत हुई थी, पहला सोमवार 22 जुलाई को था। 29 जुलाई को 24 दिन बाद कभी तेज तो कभी फुहारें होती रहीं। अगस्त मध्य में सावन समाप्त होने के साथ 38 इंच वर्षा हो गई थी।
- **2018** में 28 जुलाई से सावन की शुरुआत हुई थी। 30 जुलाई को पहला सोमवार था। बारिश नहीं हुई थी। दो सोमवार गुजरने के बाद 8 अगस्त से बारिश हुई।
- **2017** में 26 जुलाई से 6 दिन तक झड़ी लगी। इस दौरान 7.48 इंच पानी गिरा था। सावन की शुरुआत 10 जुलाई से हुई थी। सावन के पहले सोमवार को तेज पानी नहीं बरसा था।






ेंगू : बढ़ने लगे मरीज

### ों में लार्वा, पीएंडटी नी में दो को बुखार...

भास्कर संवाददाता | रतलाम

के मामले लगातार सामने आ रहे हैं। शनिवार को में डेंगू की पुष्टि हुई है। इन दोनों को बुखार था, घर ी तब जांच में डेंगू होना मिला। इधर, खाचरौद और भी एक-एक मरीज सामने आए हैं।

लेकर शहर में खतरा लगातार बना हुआ है। इसे -अलग इलाकों में सर्वे हो रहा है। शनिवार को 13 स्थ्य विभाग और महिला एवं बाल विकास विभाग ी। पीएंडटी कॉलोनी में डेंगू के दो मरीज सामने आए ब तक पीएंडटी कॉलोनी और आसपास के इलाकों में ादा मरीज मिले हैं। ऐसे में यहां एंटी लार्वा एक्टिविटी ी है।

**रदर्द, तेज शरीर दर्द हो तो डॉक्टर से मिलें** : धिकारी डॉ. प्रमोद प्रजापति ने बताया एडिज नामक

दै. भास्कर 8/8/21

### बरबड़ स्थित विधायक सभागृह में प्रभारी मंत्री और विधायक की मौजूदगी में मुख्य समारोह

# बरसते पानी के बीच मना अन्न उत्सव





पत्रिका बिग इश्यू

पत्रिका न्यूज़ नेटवर्क
patrika.com

**रतलाम.** प्रधानमंत्री गरीब कल्याण योजना अंतर्गत आयोजित निःशुल्क खाद्यान्न वितरण समारोह शनिवार को बरसते पानी के बीच हुआ। बारिश के बावजूद यहां पर बड़ी संख्या में हितग्राही पहुंचे और कार्यक्रम में अपनी सहभागिता निभाई। यहां पर मुख्य समारोह बरबड़ स्थित विधायक सभागृह में प्रभारी मंत्री ओपीएस भदोरिया और शहर विधायक चेतन्य काश्यप की मौजूदगी में हुआ। इस दौरान बड़ी संख्या में हितग्राही यहां पहुंचे और मंच के माध्यम से उन्हे मिलने वाला राशन लिया।

कार्यक्रम में मौजूद प्रभारी मंत्री भदोरिया ने कहा कि हर गरीब को बेहतर जीवन, सुविधाएं प्राप्त हों, अच्छा भोजन मिले, सुलभता से अन्न मिले और उनका पूर्ण विकास हो यही लक्ष्य देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का है। मुख्यमंत्री शिवराजसिंह चौहान इस लक्ष्य को लेकर प्रत्येक गरीब को अन्न उपलब्ध करवा रहे हैं। प्रदेश के सभी पात्र हितग्राही इस योजना का लाभ लेकर खुशहाल हैं। प्रभारी मंत्री ने कहा कि आज पूरे प्रदेश में इस आयोजन के माध्यम से साढ़े 25 हजार से अधिक दुकानों पर गरीबों को खाद्यान्न वितरित किया जा रहा है।

## 25 हजार से अधिक को मिला राशन

रतलाम जिले में भी 521 उचित मूल्य दुकानों पर यह कार्यक्रम आयोजित हो रहा है। जिले के 2 लाख 28 हजार 338 परिवारों के 9 लाख 51 हजार 824 सदस्य इस योजना का लाभ ले रहे हैं। प्रधानमंत्री की मंशा के अनुरूप हर नागरिक की खाद्य सुरक्षा सुनिश्चित करने के उद्देश्य से पात्र हितग्राहियों को उनकी पात्रता के अतिरिक्त 5 किलोग्राम खाद्यान्न प्रति हितग्राही मई माह से नवंबर 2021 तक प्रधानमंत्री गरीब कल्याण योजना अंतर्गत निःशुल्क खाद्यान्न वितरण किया जा रहा है। प्रभारी मंत्री ने मुख्यमंत्री के संदेश का वाचन भी किया।

## संबल प्रदान किया जा रहा

शहर विधायक चेतन्य काश्यप ने कहा कि प्रधानमंत्री ग़रीब कल्याण योजना के माध्यम से खाद्यान्न वितरण कर गरीबों को कठिन परिस्थितियों में संबल प्रदान किया जा रहा है। कोरोना काल के दौरान भी निःशुल्क खाद्यान्न वितरण से कई परिवारों को काफी सहायता प्राप्त हुई थी। जिला स्तरीय कार्यक्रम सहित जिले की समस्त शासकीय उचित मूल्य दुकानों पर राज्य स्तर से आयोजित कार्यगिम का सीधा प्रसारण किया गया। इसमें प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कुछ जिलों के हितग्राहियों से संवाद किया तथा अपनी बात कही। मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने भी हितग्राहियों को इस योजना से जोड़ा।

## पहली बार थैले में मिला राशन

उक्त आयोजन के माध्यम से पहली बार राशन लेने आए हितग्राहियों को थैले में खाद्यान्न वितरित किया गया। मंच से नयागांव निवासी हितग्राही वर्षा पांचाल, निर्मला, सुरेश यादव, लक्ष्मण कचरूलाल, सुरेश मोतीलाल एवं अन्य हितग्राहियों को खाद्यान्न वितरित किया गया। कार्यक्रम का संचालन आशीष दशोत्तर ने तथा आभार प्रदर्शन जिला आपूर्ति अधिकारी एसएच चौधरी ने किया।

## आयुष्मान कार्ड के लिए लगा शिविर

आयुष्मान कार्ड बनाने भी शिविर आयोजित किया गया। दरअसल शहर में उचित मूल्य दुकानों पर आयुष्मान कार्ड बनाने के लिए विशेष शिविर निरंतर लगाए जा रहे हैं और यहां आने वाले लोगों के आयुष्मान कार्ड बनाए जा रहे हैं। कार्यक्रम में आए कई लोगों ने आयुष्मान कार्ड बनाने की जानकारी ली एवं कार्ड भी बनवाए। कार्यक्रम में भाजपा जिलाध्यक्ष राजेंद्रसिंह लुनेरा, कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम, पुलिस अधीक्षक गौरव तिवारी, अपर कलेक्टर जमुना भिड़े सहित जनप्रतिनिधिगण, क्राइसिस मैनेजमेंट ग्रुप के सदस्य, निगरानी समिति सदस्य एवं हितग्राही मौजूद थे।

### घरों के आसपास मच्छर पैदा ना होने दें

# डेंगू का बढ़ता प्रकोपः स्वास्थ्य विभाग ने दिए बचाव के निर्देश



पत्रिका न्यूज़ नेटवर्क
patrika.com

**रतलाम.** मलेरिया डेंगू एवं चिकनगुनिया जैसे रोगों के फैलने का मुख्य कारण मच्छरों का बढ़ना हैं। वाहक जनित रोगों जैसे मलेरिया, चिकनगुनिया एवं डेंगू से बचाव के लिए मच्छरों से बचाव करने का अनुरोध किया हैं। इससे बचाव के लिए अपने घरों के आसपास पानी इकट्ठा ना होने दें। यह निर्देश मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ प्रभाकर ननावरे ने कही।

सीएमएचओ ने कहा कि अपने कूलर की नियमित रूप से सफाई करें। कूलर से यदि पानी निकालना संभव ना हो तो कूलर में टेमोफास ग्रेन्यूल्स या एक बड़ा चम्मच पेट्रोल या डीजल डाल सकते हैं। छत पर रखी पानी की टंकियों को पूरी तरह ढक कर रखें। चिड़ियों को दिए जाने वाले पानी के पात्र एवं पौधों का पानी प्रतिदिन बदले। टूटे-फूटे बेकार बर्तन, कप, गमले, टायर इत्यादि जिसमें बरसात का पानी जमा हो सकता हैं, इन को खुला न रखें तथा हटा दें। पूरे बाजू के कपड़े पहने तथा मच्छरदानी का उपयोग करें।

## यह है बीमारी के लक्षण

जिला मलेरिया अधिकारी डॉ प्रमोद प्रजापति ने बताया कि डेंगू एक वाहक जनित रोग है, जो मुख्य रूप से एडीस नामक मच्छर के काटने से होता है, जिससे तीव्र बुखार, सिर दर्द एवं शरीर दर्द होता है। वयस्कों के मुकाबले यह रोग बच्चों में अधिक खतरनाक होता है, उसको आम भाषा में हड्डी तोड़ बुखार भी कहा जाता है क्योंकि इसके कारण शरीर के जोड़ों में बहुत दर्द होता है। डेंगू का मच्छर सामान्य रूप से दिन के समय काटता है। डेंगू का मच्छर बरसात के मौसम में तथा उसके बाद खासकर जुलाई से नवंबर के दौरान फैलता है। डेंगू के लक्षण दिखाई देने पर तत्काल नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र में ले जांच एवं उपचार कराना चाहिए डेंगू के उपचार संबंधी सभी जांच सुविधाएं एवं उपचार सुविधाएं निशुल्क उपलब्ध है ।

पत्रिका 8/8/21

गरीब अन्न योजना का शुभारंभ, जिले की 521 उचित मूल्य की दुकानों पर किया राशन वितरण

# गरीब को बेहतर जीवन और सुलभता से अन्न मिले यही लक्ष्य-भदौरिया










**रतलाम ● स्वदेश समाचार**

शनिवार को प्रदेशभर में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान द्वारा प्रधानमंत्री गरीब अन्न योजना शुभारम्भ किया गया। जिले में 2 लाख 28 हजार 338 परिवारों के 9 लाख 51 हजार 824 सदस्य इस योजना का लाभ प्राप्त कर रहे है। जिले में संचालित 521 उचित मूल्य दुकानों पर आज अन्न उत्सव कार्यक्रम आयोजित किया गया।

जिले की सभी उचित मूल्य दुकानों को सुसज्जित किया गया। आज लक्ष्य के अनुरूप 40 हजार राशन बैग का वितरण किया गया। शेष हितग्राहियों को इसी माह में बैग वितरित किए जाएंगे। जिले में नियमित राशन के साथ- साथ 4 किलो गेहूं एवं एक किलो चावल प्रति सदस्य प्रति माह निःशुल्क दिए जाने की योजना है। जिला स्तरीय आयोजन रतलाम शहर में ग्राम स्तरीय आयोजन ग्राम रोजाना में हुआ।

जिला स्तरीय कार्यक्रम बरवड़ स्थित सभागृह में आयोजित हुआ, जहां मुख्य अतिथि प्रभारी मंत्री ओपीएस भदौरिया ने कहा कि हर गरीब को बेहतर जीवन सुविधा प्राप्त हो, अच्छा भोजन मिले, सुलभता से अन्न मिले और उनका पूर्ण विकास हो यही लक्ष्य प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का है। मुख्यमंत्री शिवराजसिंह चौहान इसी लक्ष्य को लेकर प्रत्येक गरीब को अन्न उपलब्ध करवा रहे हैं। सभी पात्र हितग्राहियों को इस योजना का लाभ मिले ताकि वह योजना का लाभ लेकर खुशहाल हो सके।

## कई परिवारों को काफी सहायता प्राप्त-काश्यप

विधायक चेतन्य काश्यप ने कहा कि कोरोना काल के दौरान भी निःशुल्क खाद्यान्न वितरण से कई परिवारों को काफी सहायता प्राप्त हुई थी। इस अवसर पर मुख्यमंत्री के संदेश का वाचन भी किया गया। आयोजन स्थल पर आयुष्मान कार्ड बनाने का कैम्प भी लगाया गया। अतिथियों ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की शुरुआत की। यह कार्यक्रम प्रातः 10 बजे प्रारंभ हुआ, जबकि राज्य स्तरीय कार्यक्रम की शुरुआत प्रातः 11 बजे हुई, जिसका प्रसारण समस्त उचित मूल्य की दुकानों पर टीवी के माध्यम से किया गया।

## प्रधानमंत्री व मुख्यमंत्री का उद्बोधन सुना

नामली प्रतिनिधि के अनुसार प्रधानमंत्री गरीब अन्न योजना के कार्यक्रम के तहत (शासकीय उचित मूल्य की दुकान क्रमांक 2 होली चौक नामली पर) प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, मुख्यमंत्री शिवराजसिंह चौहान का उद्बोधन हुआ, जिसका सीधा प्रसारण एलईडी पर प्रसारित हुआ। पात्र हितग्राहियों की उपस्थिति में निःशुल्क राशन वितरण किया गया।

मुख्य अतिथि के रूप में मंडल उपाध्यक्ष भीम सिंह राठौर, पूर्व एल्डरमैन श्यामसुंदर परिहार, संजय मेहता, पूर्व पार्षद अजय जोगचंद, कार्यकर्ता गोवर्धनलाल पांचाल, सामाजिक कार्यकर्ता गणेश गुर्जर, आंगनवाड़ी प्रवेशक श्रीमती गायत्री शर्मा, प्राथमिक सेवा सहकारी संस्था राजेश कुमावत, सुनील शर्मा सहित आंगनवाड़ी कार्यकर्ता पवन कुमावत, सुमित्रा जोगचंद, माधुरी राठौर निर्मला सिलावट, चंद्र कांता जोगचंद सहित कई जनप्रतिनिधिगण उपस्थित थे। संचालन बंशीलाल कुमावत ने एवं आभार परियोजना अधिकारी अनिल जैन ने माना।

## सभी पात्र हितग्राहियों को समारोहपूर्वक राशन बांटा

सैलाना प्रतिनिधि के अनुसार आज प्रधानमंत्री गरीब कल्याण योजना के अंतर्गत राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम 2013 के तहत सभी पात्र हितग्राहियों को उचित मूल्य की दुकानों पर प्रधानमंत्री गरीब कल्याण का कार्यक्रम समारोहपूर्वक ग्राम रामगढ़ जनपद पंचायत सैलाना में आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में हितग्राहियों को खाद्यान्न गेहूं राशन बैग में वितरित किया गया। मुख्य अतिथि सुखबीर सिंह चौधरी, अध्यक्षता सरपंच रामचंद्र मेडा, विशेष अतिथि सहकारी नेता पूर्व अध्यक्ष कृषि सहकारी समिति सरवन बद्रीलाल चौधरी थे। इस अवसर पर ग्राम पंचायत सचिव राजेंद्र सिंह राठौड़, नोडल अधिकारी सुमन भंडार, संचालक नारायण बाबर, रामामंडल हीरालाल जाट, रत्ना मेडा, लक्ष्मण खराड़ी, नरसिंह खराड़ी, प्रकाश जाट, मोहनलाल जाट, सरदार वरक्या सहित बड़ी संख्या में आम नागरिकगण उपस्थित थे। कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का लाइव टेलीकास्ट दिखाया गया। कार्यक्रम पश्चात खाद्यान्न वितरण हुआ।

## हितग्राहियों का सम्मान कर उन्हें खाद्यान्न बैग का वितरण

पिपलौदा प्रतिनिधि के अनुसार नगर की दुकान क्रमांक 1 पर मुख्य अतिथि भाजपा मंडल अध्यक्ष राजेन्द्र सिंह गुडरखेड़ा व दुकान क्रमांक 2 पर भाजपा नगर अध्यक्ष मुकेश मोगरा ने मुख्यमंत्री के संदेश का वाचन किया। दुकान क्रमांक 1 पर पूर्व न.प. अध्यक्ष अतुल गौड़ व भाजपा मंडल प्रवक्ता प्रफुल जैन व दुकान क्रमांक 2 पर पूर्व सोसायटी अध्यक्ष महेश नांदेचा ने अपने विचार रखे। दोनों दुकानों पर विशेष अथिति के रूप में पूर्व पार्षद नरेंद्र जैन, प्रहलाद चौहान, नारायण धनगर, प्रेमलता चौहान, महेश बोहरा, सांसद प्रतिनिधि संजय पूरी गोश्वामी, भेरूलाल सरपंच, रूगनाथ धनगर, रमेश परमार, मनमोहन सिंह राणा, नरेंद्र जैन आदि मंचासीन थे। अतिथियों द्वारा दोनों राशन दुकानों पर हितग्राहियों का सम्मान कर उन्हें खाद्यान्न बैग का वितरण किया। राशन दुकानों की झोनल अधिकारी आरती गरवाल, शाखा प्रबंधक अशोक बाफना, दुकान संचालक नारायण सिंह, महेंद्र सिंह नरोका, मांगीलाल मेहता, मनोहर पूरी, निगरानी समिति के रतन खरे, मनीष जैन, विनय जैन, वीरेंद्र सिंह आदि ने मंचासीन अतिथियों का स्वागत किया। संचालन भीमसेन लहरी व भेरूलाल धनगर ने किया। आभार सहायक शाखा प्रबंधक मनोज देराश्री ने माना।

स्वदेश 8/8/21

# 80 फीट रोड क्षेत्र के नागरिक जी रहे हैं नारकीय जीवन

रतलाम ● वार्ड 9 रतलाम का सबसे बड़ा वार्ड है पर रखरखाव के नाम पर प्रशासन के द्वारा यहां कोई ध्यान देने वाला नहीं है। 80 फीट रोड पर स्ट्रीट लाइट नहीं लगी है जहां पर आए दिन दुर्घटनाएं होती रहती हैं यहां पर कई नर्सिंग होम तथा मैरिज गार्डन है तथा यहां से करीब 10 कॉलोनियों के रहवासी प्रतिदिन निकलते रहते हैं । इस रोड से प्रसिद्ध हनुमान मन्दिर तथा तालाब स्थित है। इसी 80 फीट रोड पर आवारा शिकारी श्वानों का अंबार लगा हुआ है लगभग 100 श्वान घूमते रहते हैं जो कि चिड़िया , गिलहरी व छोटे-छोटे गाय के बछड़े पर हमला कर देते हैं जिससे घूमने वाले लोगों व बच्चों को भी जान का खतरा बना रहता है। हनुमान ताल पर जाने वाले श्रद्धालु तथा घूमने वाले लोगों का तांता लगा रहता है उन्हीं के सामने यहां अवैध मछली पकड़ी जा रही है। किसी भी दिन यहां बड़ी दुर्घटना हो सकती है। इससे पहले भी मैंने करीब 2 महीने पहले कॉलोनी की समस्याओं से नगर निगम आयुक्त को अवगत कराया था। कुछ कार्य उन्होंने किए है कुछ बाकी है। क्षेत्रवासी जनहित में निगम आयुक्त से आग्रह करते है कि वे क्षेत्र में व्याप्त समस्याओं के प्रति ध्यान दे तथा जल्दी ही नागरिकों की समस्याओं से निजात दिलाएं। जैसे शुभम परिसर की सीवरेज लाइन को मुख्य लाइन से जोड़ना, त्रिमूर्ति नगर में नाली का पानी सड़क पर बहता रहता है, सुदामा नगर बड़बड़ नाके पर पानी का भराव रहता है, यह कुछ मुख्य समस्याएं है। साथ ही अगर आयुक्त एक बार कॉलोनियों का भ्रमण करें तो आपको समस्याओं का अंबार नजर आएगा। हर गली, हर कॉलोनी में है। निगमायुक्त से मांग की है कि वे इन सभी समस्याओं को अपने संज्ञान में लें तथा उचित समाधान करें। उक्त मांग समाजसेवी कुसुम चाहर सहित वार्ड नंबर 9 के रहवासियों ने की है।

## गंदगी करने वाले चार लोगों से वसूला जुर्माना

रतलाम। नगर निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया के निर्देशानुसार स्वास्थ्य अधिकारी, जोन प्रभारी व स्पाट फाइन दल द्वारा खुले में गंदगी करने पर धर्मेंद्र पिरियाखेड़ी से 1000, ऋचा किराना स्टोर ऊंकाला रोड से 250, बग्गा साइकिल शहर सराय, महक स्टोर धानमंडी से 100-100 रुपये का स्पाट फाइन वसूला गया। सभी को भविष्य में गंदगी नहीं करने की समझाइश भी दी गई। कार्रवाई स्वास्थ्य अधिकारी एपी सिंह, जोन प्रभारी पर्वत हाड़े, किरण चौहान, विनय चौहान द्वारा की गई।

## स्पॉट फाईन दल के 5 कर्मचारियों को सेवा से बर्खास्त करने का सूचना पत्र जारी

रतलाम। सफाई व्यवस्था के निरीक्षण के दौरान सैलाना बस स्टैण्ड, पावर हाउस रोड से दो बत्ती तक डिवाईडर, जावरा फाटक अण्डर ब्रीज से महू रोड होटल पलास तक डिवाईडर, महू रोड यादगार होटल से फव्वारा चौक तक का डिवाईडर, महू रोड होटल पलास से कलेक्टर कार्यालय के दोनो तरफ के डिवाईडर, सालाखेड़ी महू रोड के डिवाईडर व वार्ड क्रमांक 27 अन्तर्गत काजीपुरा, सुदामा परिसर क्षेत्र में कचरा व गंदगी के ढेर पाये जाने पर कहीं भी स्पॉट फाईन दल स्पॉट फाईन नहीं करते पाये जाने पर निगम आयुक्त श्री सोमनाथ झारिया के निर्देशानुसार स्पॉट फाईन दल के 5 कर्मचारियों का एक दिवस का वेतन काटा जाकर सेवा से बर्खास्त किये जाने का सूचना-पत्र जारी किया गया। स्पॉट फाईन दल की ड्यूटी शहर में गंदगी फैलाने वाले व्यक्तियों पर स्पॉट फाईन किये जाने हेतु लगायी गयी है किन्तु भ्रमण के दौरान शहर के विभिन्न क्षेत्रों की दुकानों के बाहर खुले में कचरा व गंदगी पाये जाने पर स्पॉट फाईन दल के मनोज टांक, पवन झांझोट, मनोज झांझोट, राकेश ललावत व आकाश शिन्दे का एक दिवस का वेतन काटा जाकर सेवा से बर्खास्त किये जाने का सूचना पत्र जारी किया गया।

## लगातार बारिश, पानी घरों में आया



रतलाम. शहर में जारी मानसून का पानी नालियां जाम व पानी निकासी की व्यवस्था नहीं होने के बाद अब आमजन के घरों में जाने लगा है। शनिवार तड़के हुई तेज बारिश का पानी रहमत नगर में घरों में आ गया। इसके बाद मोहल्ले के लोगों व नगर निगम के दल ने मदद की व पानी निकासी की जगह बनाई।

शहर में कई क्षेत्रों में नाली में सीवरेज की मिट्टी होने से जाम के हालात हैं। पोरवालो का पास में पिछले पांच साल से बारिश होते ही पानी नाली से बाहर आने लगता है। इसके अलावा अंडरब्रिज में तो पानी निकासी की व्यवस्था नहीं होने से जलजमाव होता है।

शहर के नगर निगम के करीब श्रीमालीवास में डॉ. दीलप व्यास के आवास के सामने नाली का पानी सड़क पर बह रहा है। इस मामले में वार्ड नंबर 40 के दारोगा को सूचना भी कई बार क्षेत्रीय रहवासियों ने दे दी, लेकिन अब तक इसको सुधारा नहीं गया।

रहमत नगर में तेज बारिश के बाद पानी दुकानों से लेकर घरों में आ गया। जब यह घटनाक्रम हुआ तब बिजली भी बंद थी। इससे रहवासी क्षेत्र में हड़कंप मच गया। बाद में उजाला होने के बाद क्षेत्रीय नागरिकों ने मदद की। यहां पर पानी निकासी की व्यवस्था नहीं होने के चलते ही घरों में पानी आया। इसके बाद सुबह 8 बजे नगर निगम का दल पहुंचा व रहवासी शेरू पठान के साथ रखरखाव कार्य शुरू किया। रहवासियों के अनुसार हर बार बारिश के दौरान यह समस्या आती है।

पत्रिका 8/8/21

## इंदौर की कंपनी ने टंकी की सफाई की तो निकली 55 किलो मिट्टी



रतलाम. शहर के गांधीनगर क्षेत्र में पेयजल टंकी की लंबे समय बाद नगर निगम ने इंदौर की एक निजी कंपनी ने करवाई। इसके बाद 55 किलो मिट्टी व गाद निकाली गई। स्वच्छता अभियान के अंतर्गत टंकी के अंदर मौजूद बैक्टेरिया समाप्त किए गए। यहां पर संपवेल को शुरू किया जाना है, इसी कमे अंतर्गत इस कार्रवाई को किया गया। क्षेत्रीय रहवासी नगर निगम द्वारा टंकी की सफाई करवाने से प्रसन्न हैं।

नगर निगम के जल विभाग ने इंदौर की अरिहंत वॉटर केयर सर्विसेज कंपनी से पेयजल टंकी की सफाई के कार्य को करवाया। करीब दो दिन तक चले इस स्वच्छता अभियान के पूर्व तीन लाख लीटर की पेयजल टंकी के पानी को पूरा समाप्त किया गया। इसके बाद इसमे स्वच्छता अभियान को चलाया गया। इस दौरान करीब एक दर्जन से अधिक कर्मचारी निजी कंपनी के लगाए गए। बता दे की पूर्व पार्षद भावना हितेश पैमाल के कहने पर दो माह पूर्व ही आयुक्त सोमनाथ झारिया ने यहां पर टंकी की सफाई, रंगाई व पुताई करने के आदेश दिए थे। इसके बाद अब यह कार्य होने से क्षेत्रीय रहवासी प्रसन्न हैं।

### हर टंकी की सफाई

शहर में जो पूर्व की पेयजल टंकियां है सभी की सफाई करवाई जाएगी। इसके लिए जलमिशन अंतर्गत कार्य किया जा रहा है। **- सोमनाथ झारिया,** आयुक्त नगर निगम

पत्रिका 8/8/21

# वार्ड नंबर 9 में समस्याओं का अंबार, नगर निगम ध्यान दे

**स्वतंत्र एलान संवाददाता**

रतलाम। वार्ड 9 रतलाम का सबसे बड़ा वार्ड है पर रखरखाव के नाम पर प्रशासन के द्वारा यहां कोई ध्यान देने वाला नहीं है। 80 फिट रोड पर स्ट्रीट लाइट नहीं लगी है जहां पर आए दिन दुर्घटनाएं होती रहती हैं यहां पर कई नर्सिंग होम तथा मैरिज गार्डन है तथा यहां से करीब 10 कालोनियों के रहवासी प्रतिदिन निकलते रहते हैं। इस रोड से प्रसिद्ध हनुमान मन्दिर तथा तालाब स्थित है। इसी 80 फिट रोड पर आवारा शिकारी कुत्तों का अंबार लगा हुआ है लगभग 100 कुत्ते घूमते रहते हैं जो कि चिड़िया, गिलहरी व छोटे-छोटे गाय के बछड़े पर हमला कर देते हैं जिससे घूमने वाले लोगों व बच्चों को भी जान का खतरा बना रहता है। हनुमान ताल पर जाने वाले श्रद्धालु तथा घूमने वाले लोगों का तांता लगा रह[illegible] उन्हीं के सामने यहाँ अवैध मछली पक[illegible] ही है किसी भी दिन यहाँ बड़ी दुर्घटना [illegible]। इससे पहले [illegible] मैंने करीब 2 म[illegible] कॉलोनी की समस्याओं से नगर निगम आ[illegible] महोदय को अवगत कराया था। कुछ क[illegible] उन्होंने किये है कुछ बाकी है। क्षेत्रवासी जनहित में आयुक्त महोदय नगर पालिक निगम से आग्रह करते है कि वे क्षेत्र में व्याप्त समस्याओं के प्रति ध्यान दे तथा जल्दी ही नागरि[illegible] की समस्याओं से निजात दिलाएं। जैसे शुभम परिसर की सीवरेज लाइन को मुख्य लाइन से जोडना, त्रिमूर्ति नगर में नाली का पानी सड़क पर बहता रहता है, सुदामा नगर बड़बड़ नाके पर पानी का भराव रहता है यह कुछ मुख्य समस्याएं हैं। साथ ही अगर आयुक्त महोदय एक बार कालोनियों का भ्रमण करें तो आपको समस्याओं का अंबार नजर आएगा हर गली हर कॉलोनी में है। निगमआयुक्त से मांग की है कि वे इन सभी समस्याओं को अपने संज्ञान में लें तथा उचित समाधान करें। उक्त मांग समाजसेवी कुसुम चाहर सहित वार्ड नंबर 9 के रहवासियों ने की है।

स्वतंत्र एलान 8/8/21

प्रधानमंत्री ग़रीब कल्याण कल्याण अन्न योजना अंतर्गत नि:शुल्क खाद्यान्न वितरण समारोह आयोजित

# ग़रीब को बेहतर जीवन और सुलभता से अन्न मिले यही लक्ष्य : प्रभारी मंत्री

**रतलाम। हर ग़रीब को बेहतर जीवन सुविधाएं प्राप्त हों, अच्छा भोजन मिले, सुलभता से अन्न मिले और उनका पूर्ण विकास हो यही लक्ष्य देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का है। मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराजसिंह चौहान इस लक्ष्य को लेकर प्रत्येक ग़रीब को अन्न उपलब्ध करवा रहे हैं। प्रदेश के सभी पात्र हितग्राही इस योजना का लाभ लेकर खुशहाल हैं।**



उक्त विचार जिला प्रभारी मंत्री ओ.पी.एस. भदौरिया ने प्रधानमंत्री ग़रीब कल्याण योजना अंतर्गत आयोजित निःशुल्क खाद्यान्न वितरण समारोह में व्यक्त किए। बरबड़ स्थित विधायक सभागृह पर आयोजित जिला स्तरीय कार्यक्रम में रतलाम शहर विधायक चैतन्य काश्यप, राजेंद्रसिंह लुनेरा, कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम, जिला पुलिस अधीक्षक गौरव तिवारी, अपर कलेक्टर श्रीमती जमुना भिड़े सहित जनप्रतिनिधिगण, क्राइसिस मैनेजमेंट ग्रुप के सदस्य, निगरानी समिति सदस्य एवं हितग्राही मौजूद थे। प्रभारी मंत्री श्री भदौरिया ने इस अवसर पर कहा कि आज पूरे प्रदेश में इस आयोजन के माध्यम से साढ़े 25 हजार से अधिक दुकानों पर ग़रीबों को खाद्यान्न वितरित किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि रतलाम जिले में भी 521 उचित मूल्य दुकानों पर यह कार्यक्रम आयोजित हो रहा है। जिले के 2 लाख 28 हजार 338 परिवारों के 9 लाख 51 हजार 824 सदस्य इस योजना का लाभ ले रहे हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री की मंशा के अनुरूप हर नागरिक की खाद्य सुरक्षा सुनिश्चित करने के उद्देश्य से पात्र हितग्राहियों को उनकी पात्रता के अतिरिक्त 5 किलोग्राम खाद्यान्न प्रति हितग्राही मई माह से नवंबर 2021 तक प्रधानमंत्री ग़रीब कल्याण योजना अंतर्गत निःशुल्क खाद्यान्न वितरण किया जा रहा है। उन्होंने सभी उपस्थित हितग्राहियों से आह्वान किया कि वे शासन की कल्याणकारी योजनाओं का लाभ लेकर अपने जीवन स्तर को ऊंचा उठाएं। प्रभारी मंत्री श्री भदौरिया ने इस अवसर पर मुख्यमंत्री शिवराजसिंह चौहान के सन्देश का वाचन भी किया। शहर विधायक चैतन्य काश्यप ने इस अवसर पर कहा कि प्रधानमंत्री ग़रीब कल्याण योजना के माध्यम से खाद्यान्न वितरण कर ग़रीबों को कठिन परिस्थितियों में संबल प्रदान किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि कोरोना काल के दौरान भी निःशुल्क खाद्यान्न वितरण से कई परिवारों को काफी सहायता प्राप्त हुई थी।

**राज्य स्तरीय कार्यक्रम का सीधा प्रसारण हुआ**–आयोजन के अंतर्गत जिला स्तरीय कार्यक्रम सहित जिले की समस्त शासकीय उचित मूल्य दुकानों पर राज्य स्तर से आयोजित कार्यक्रम का सीधा प्रसारण किया गया। कार्यक्रम में प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी ने कुछ जिलों के हितग्राहियों से संवाद किया तथा उद्बोधन दिया। प्रदेश के मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने भी अपने उद्बोधन से हितग्राहियों को इस योजना से जोड़ा।

**आकर्षक बैग में खाद्यान्न वितरित**– कार्यक्रम में अतिथियों ने आकर्षक बैग मे हितग्राहियों को खाद्यान्न वितरित किया गया। मंच से नयागांव रतलाम क्षेत्र की हितग्राही वर्ष पांचाल, निर्मला, सुरेश यादव, लक्ष्मण कचरूलाल, सुरेश मोतीलाल एवं अन्य हितग्राहियों को खाद्यान्न वितरित किया गया। प्रारंभ में अतिथियों ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की शुरुआत की। कार्यक्रम का संचालन आशीष दशोत्तर ने किया तथा आभार प्रदर्शन जिला आपूर्ति अधिकारी एस. एच. चौधरी ने किया।

**आयुष्मान कार्ड बनाने का कैंप भी लगा**– समारोह स्थल पर आयुष्मान कार्ड बनाने के लिए कैंप भी आयोजित किया गया था उपस्थित लोगों ने इसका भी लाभ लिया। उल्लेखनीय है कि शहर में उचित मूल्य दुकानों पर आयुष्मान कार्ड बनाने के विशेष कैंप निरंतर लगाए जा रहे हैं और यहां नागरिकों के आयुष्मान कार्ड बनाए जा रहे हैं। समारोह स्थल पर भी उपस्थित हितग्राहियों ने आयुष्मान कार्ड बनाने की जानकारी ली एवं कार्ड भी बनवाए।